# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 205 देहरादून शनिवार 25 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## दिवंगत नायब सूबेदार भरत सिंह असवाल के परिजनों से मिले सैनिक कल्याण मंत्री



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। रांझावाला निवासी दिवंगत नायब सूबेदार भरत सिंह असवाल के परिजनों से मिलने सूबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उनके आवास पहुंचे। आसाम रायफल के दिवंगत नायब सूबेदार भरत सिंह असवाल शिलांग में तैनात थे। तकरीबन 28 साल से सेवारत भरत सिंह अपने पीछे एक पुत्री सोनाली, पुत्र रोहन तथा पत्नी हेमंती देवी को छोड़ गए हैं। दिवंगत जवान के परिजनों से मिल कर सौनिक कल्याण मंत्री ने उन्हें ढ़ाढस बंधाया तथा सरकार की ओर नियमानुसार हर सहयोग उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि मैं परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार जनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस संकट की घड़ी में राज्य की सरकार दिवंगत जवान के परिजनों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर शहीद के पिता ठाकुर सिंह असवाल, भगवान सिंह, सूबेदार मेजर शरद सिंह असवाल, यधवीर सिंह असवाल आदि उपस्थित रहे।

# 'जमकर होगी बारिश'

अफजाल अहमद

देहरादून। प्रदेश में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए मौसम विभाग ने प्रदेश भर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य मौसम केंद्र की ओर से बताया गया है कि 26 से 28 जून के बीच प्रदेश के सभी जिलों में भारी बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार 26 जून से प्रदेश में मानसून दस्तक दे सकता है। इस दौरान गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में भारी बारिश हो सकती है। पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश के चलते मैदानी क्षेत्रों में जलभराव की भी संभावना है। उत्तराखंड मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कुमाऊँ रीजन में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 26 से 28 जून येलो अलर्ट 29 जून को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 29 जून तक उत्तराखंड में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के देहरादून, टिहरी, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 26 जून को उत्तराखंड के बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए येलो अलर्ट और 27 जून और 28 जून को नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के निदेशक डा. बिक्रम सिंह ने बताया कि राज्य में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के साथ ही राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को आवश्यक सतर्कता के कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भारी बारिश से भूस्खलन और सड़कें बंद होने की संभावनाओं के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आवश्यक तैयारियां पुख्ता की गई हैं। साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों पर आपदा प्रबंधन विभाग और एसडीआरएफ की टीम नजर बनाए हुए है।



## 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे चारधाम

देहरादून। पुलिस विभाग की ओर से चारधाम यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। मौसम को देखते हुए जहां अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा संबंधी हर पहलु पर फोकस किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए उत्तराखण्ड पुलिस समर्पित है। बताया कि 24 जून 2022 तक चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों की संख्या हुई 25 लाख के पार। साथ ही लगभग 2.5 लाख वाहन भी चारधाम पहुंचे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर एक्शन प्लान तैयार

अरूण शर्मा

ऋषिकेश। अंतरराष्ट्रीय प्राप्त धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ऋषिकेश के लोगों को जल्द्ध ही प्लास्टिक से राहत मिलने जा रही है। यहां 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंधि त लग जाएगा। इस नियम की अवहेलना करने वाले व्यक्ति व संस्थान के खिलाफ निगम प्रशासन नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करेगा।



एक्शन प्लान की जानकारी शनिवार को रेलवे रोड़ स्थित एक होटल में पत्रकारों से मुखातिब हुई निगम महापौर अनिता ममगाईं ने दी। उन्होंने बताया कि इस नियम का पालन करने के लिए सख्त निर्देश हैं। नगर निगम क्षेत्र में इसकी रोकथाम के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, जो नियमित छापेमारी कर रिपोर्ट भेंजेगी। महापौर के अनुसार तीर्थ नगरी में प्लास्टिक बैन हैं, लेकिन इसका यूज हर जगह धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे हर जगह प्लास्टिक कचरा फैला रहता है। उम्मीद है कि, प्रशासन के इस अभियान से इस पर लगाम लगेगी। उन्होंने व्यापार मंडल द्वारा अभियान में सहयोग के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शहर का व्यापार मंडल निगम प्रशासन को जनहित के मुद्दों पर सहयोग करता रहा है।उन्हें उम्मीद है कि यह सहयोग आगे भी इसी प्रकार कायम रहेगा। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाय कपड़ों के थेलों का प्रयोग करें। पत्रकार वार्ता में नगर आयुक्त गिरीश चन्द्र गुणवंत, सहायक नगर आयुक्त बद्री प्रसाद भट्ट, वरिष्ठ व्यापारी नेता सुभाष कोहली, श्रवण जैन, नगर उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री प्रतीक कालिया, संजय व्यास, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## छोटी-छोटी खबरें

### सड़क पर पलटा ट्रक, युवक की मौत

देहरादून। हरिद्वार–डोईवाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर माजरी ग्राट के समीप शुक्रवार तड़के लगभग 5.30 बजे एक ट्रक पलट गया। जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक रूद्रपुर से देहरादून आटा लेकर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार माजरी ग्राट के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और 108 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ट्रक सवार दोनों युवकों को डोईवाला सामुदायिक केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शरफराज नई बस्ती जस्सपुर के रूप में हुई है।

### जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने वर्मी कम्पोस्ट खाद की यूनिट का निरीक्षण किया

रूद्रपुर। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने शुक्रवार को ग्राम लालपुर विकासखण्ड जसपुर में स्थित वर्मी कम्पोस्ट यूनिट व प्रगतिशील कृषक सत्यम शर्मा के यहाँ वर्मी कम्पोस्ट खाद की यूनिट का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे वर्मी कम्पोस्ट प्रोसेसिंग कार्य की विस्तार से जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर प्रगतिशील किसान सत्यम शर्मा ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी एवं उपस्थित कृषक को दी। उन्होने जैविक कृषि कार्य में निरन्तर सकारात्मक गतिविधि रखने पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा है कि श्री सत्यम शर्मा द्वारा जैविक कृषि के प्रति यह प्रयास समाज एवं जनहित में है तथा श्री शर्मा के इस प्रयास से और भी युवा जैविक कृषि के प्रति आकर्षित होगे। मुख्य कृषि अधिकारी डा. एके वर्मा ने भी युवा किसानों को जैविक खेती में आगे बढ़ने के लिए आवहन किया तथा वर्मी कम्पोस्ट खाद की उपयोगिता एव विशेषताएं बताई। इस मौके पर उपस्थित किसानों ने कुछ स्थानीय समस्याऐं रखी जिनका यथा सम्भव समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया। इस मौके पर हरिप्रकाश शर्मा, किसान विकास क्लाव के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण कुमार शर्मा, सतपाल चौधरी, सुभाष चौधरी, राजवीर मिश्रा, तजवीर सिंह, उपेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र चौधरी, वासु शर्मा, डा अशोक अरोरा, राजवीर ग्राम प्रधान आदि उपस्थित थे।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइव:**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

ई-मेल: crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# दो एसडीआरएफ की टीमें पौड़ी में होंगी स्थापित



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

पौड़ी। पौड़ी जिला प्रशासन आपदा व राहत कार्यों में कोई भी कोरकसर छोड़ने के मूड में नहीं है। प्रशासन कुदरत के कहर से निपटने को हर प्रकार की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस बार जिले में दो बाढ़ चौकियां और दो एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें भी तैनात की जाएंगी।

आपदा की हर संभावित घटना से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को अमलीजामा पहना दिया है, जिले में पहली बार बाढ़ चौकियां भी स्थापित होने जा रही हैं। पौड़ी जिले में श्रीनगर और कोटद्वार को बाढ़ के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है। हर साल बरसात में इन क्षेत्रों में बरसाती नाले रौद्र रूप धारण कर जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं, जिसमें मानव प्रकृति के सामने बौना नजर आता है। साथ ही प्रशासन की कई कमियां भी उजागर होती हैं लेकिन इस बार बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने से पहले ही प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को समय रहते ही सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की रणनीति बना ली है। इस कार्य के लिए श्रीनगर और कोटद्वार में एक–एक बाढ़ चौकियां बनाई जा रही हैं।

इस कार्य की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग के सौंपी गई है। शहर में बाढ़ के हालात उत्पन्न होने पर बाढ़ चौकियां राहत और बचाव कार्य करेंगी। यही नहीं, चौकियां आगामी एक जुलाई से पहले ही शहर के प्रमुख चौराहों पर नदी के खतरे को निशान तक पहुंचने पर क्या करें और क्या ना करें का साइन बोर्ड लगाएंगी। प्रदेश के सबसे अधिक 15 विकासखंडों वाले पौड़ी जनपद में हर मॉनसून आपदा में एक्सपर्ट मैनपॉवर की कमी खलती है। इस बार डीएम डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने जिले में एसडीआरएफ की दो अतिरिक्त टीमें मंगवाई हैं, जिसमें से एक टीम दूरस्थ ब्लाक द्वारीखाल व दूसरी टीम बीरोंखाल के पास तैनात की जाएगी। हालांकि, जिले में अभी एसडीआरएफ की 3 व जलपुलिस की एक टीम मौजूद है। डीएम ने बताया कि कोटद्वार, सतपुली, श्रीनगर में एसडीआरएफ की एक–एक जबकि श्रीनगर में ही जल पुलिस की एक अतिरिक्त टीम उपलब्ध है।

# आवारा पशुओं ने बढ़ाई लोगों की समस्या



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

टिहरी। कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत बगवान भल्लेगांव में आवारा पशुओं से हो रही समस्याओं से स्थानीय लोग परेशान हैं। समस्या से निजात पाने के लिए स्थानीय ग्रामीण तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कीर्तिनगर एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि श्रीनगर व कीर्तिनगर क्षेत्र से आवारा पशुओं को बगवान में छोड़ा जा रहा है। इससे उनकी खेती बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के कारण वह धान की रोपाई भी नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनकी खेती बंजर होने की कगार पर है। तहसील पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई सालों से वह इस समस्या से गुजर रहे हैं। लेकिन इस बार आवारा पशु बड़ी संख्या में उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इससे उनकी सारी खेती चौपट हो गई है। ग्राम प्रधान नरेश प्रसाद कोठियाल ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या के चलते ग्रामीण इस बार धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा गांव की गूल के रखरखाव में बरती जा रही लापरवाही पर भी रोष जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम द्वारा ग्रामीणों के बिल समय पर नहीं भेजे जाते हैं। इससे उन्हें बड़ी दिक्कतें हो रही हैं।

# पदोन्नत कार्मिकों को कार्यभार ग्रहण करने के दिए निर्देश

देहरादून, नगर संवाददाता। महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान द्वारा जारी आदेश के क्रम में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के 2 अनुवादकों एवं 8 अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारियों को सूचना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस सम्बन्ध में जारी आदेश में पदोन्नत कार्मिकों को वर्तमान तैनाती जनपद कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये हैं। इनके स्थानान्तरण अन्यत्र तैनाती के आदेश बाद में निर्गत किये जायेंगे। जिन कार्मिकों को सूचना अधिकारी जिला सूचना अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है उनमें दीपा रानी गौड़, दिनेश कुमार, गोविन्द सिंह बिष्ट, गिरिजा शंकर जोशी, अजनेश राणा, मनोज कुमार सती, वीरेन्द्र सिंह राणा, ज्योति सुन्दरियाल, अहमद नदीम तथा जानकी देवी शामिल हैं। विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान, अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला, संयुक्त निदेशक आशीष त्रिपाठी, के.एस. चौहान, उपनिदेशक नितिन उपाध्याय, मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनियां ने भी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी है।

# हुड़कीबौल की अनोखी परंपराओं से करते हैं खेतों में गुड़ाई निराई

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेतो में काम करने की अनोखी परंपराएं देखने को मिलती है जहां आज लोग पलायन कर रहे हैं वही आज भी चमोली देवाल के सवाड गांव के लोग हुड़कीबौल से खेतो की गुड़ाई, निराई व रोपाई करते हैं यह कार्यक्रम वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में किया गया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद सोनी कहते हैं जब गांव के लोगों के पास आय का कोई स्रोत नही था तो वे खेतों पर निर्भर रहते थे और उनका भोजन का स्रोत खेत होते थे उनके खेत भी बड़े बड़े होते थे उनमें गुड़ाई, निराई व रोपाई में कई दिन लग जाते थे।



उस समय के लोग खेतो में काम करने के लिए प्रत्येक परिवार का एक सदस्य सम्मलित होकर बारी बारी से हर परिवार के खेतो की गुड़ाई, निराई व रोपाई करते हैं ऐसे करने से एक दिन एक परिवार का दूसरे दिन दूसरे परिवार का इसी प्रकार गांव के हर परिवार के लोगों का खेतो का काम किया जाता था उस समय मनोरंजन के साधन नही थे तो इसके लिए एक हुड़का बजाने वाला होता था जो हुड़के के साथ राजुला मालूशाही, राजा हालराही, गोपीचंद व अन्य गीत गाकर गुड़ाई, निराई व रोपाई करने वाली महिलाओं का मनोरंजन किया करता था उस जोश में महिलाएं एक दिन में कई खेतो की गुड़ाई, निराई व रोपाई करते है इसे हुड़कीबौल के नाम से जाना जाता हैं। डॉ सोनी कहते हैं अब धीरे धीरे गांव की ये परम्पराएं विलुप्त होती जा रही हैं लोग पलायन कर चुके हैं खेत खलिहान बंजर होते जा रहे हैं अपने स्थानीय उत्पादन मडुवा, झंगोरा, गौथ, कौड़ी, भट्ट व दाले नही बो रहे है इस कारण अपने पूर्वजों की हुड़कीबौल की परम्पराएं भी समाप्त होते जा रही है आज इसे बचाने की जरूरत हैं। सेवानिवृत्त तहसीलदार जयबीर राम बधाणी कहते हैं जो लोग गांव में हैं वे आज भी अपने पूर्वजों की कई परंपराएं जीवित रखे हैं इन परम्पराओं को हमें अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए जिंदा रखने होंगे।हुड़का बादक तिलोक राम कहते हैं हुड़कीबौल की रीति रिवाज हमारी पूर्वजों की देन हैं आज धीरे धीरे ये परम्परा समाप्ति की ओर हैं मेरा प्रयास हैं इसे मैं संरक्षित करके अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए रखु। पूर्व प्रधान बसंती देवी कहती हैं हमारे पूर्वजों की दी ये हुड़कीबौल की रीति रिवाज समय के साथ बची रह सके। कार्यक्रम में इंद्रसिंह, गंगाराम, तिलोकराम, जयवीर बधाणी, सचिन, चेतन सोनी, हरुलू देवी, राजुला देवी, देवकी देवी, दीपा देवी, महेशी देवी, बिरमा देवी, पूनम देवी, कलावती देवी, दीपा देवी, जसुली देवी, महेशी देवी, रामेशराम ,हेमचंद्र हरशु आदि थे।

# कांवड़ मेलाः होटल एसोसिएशन और धर्मशाला एसोसिएशन के साथ बैठक

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

हरिद्वार। आगामी कांवड़ मेले को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने होटल एसोसिएशन और धर्मशाला एसोसिएशन के साथ बैठक की, जिसमें कांवड़ मेले में आने वाली कई दिक्कतों के साथ–साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें मुख्यतः वीकेंड पर लगने वाले जाम और शहर में चल रहे ई रिक्शा–ऑटो रिक्शा के संचालन और अतिक्रमण मुख्य मुद्दा रहा।

कोविड संक्रमण के कारण दो साल बाद कांवड़ मेला होने जा रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के हरिद्वार पहुंचने की संभावना है। जिसको ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन अपनी तैयारियों



में जुटा है। बैठक के बाद एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर की गई बैठक में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कई मुद्दे उठाए, जिसमें ऑनलाइन फ्रॉड के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही ई रिक्शा, ऑटो रिक्शा के संचालन और अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा हुई, जिस पर व्यापक कार्रवाई की जाएगी। होटल व्यवसायी आशुतोष शर्मा ने कहा कि हरिद्वार में वीकेंड पर लगने वाले जाम के लिए रिक्शा और ऑटो रिक्शा का संचालन बड़ा कारण है। ऐसे में इनके संचालन के लिए व्यापक नीति बनाने की आवश्यकता है। साथ ही जिन जगहों पर अतिक्रमण किया गया है उन्हें कांवड़ मेले से पहले हटाने को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई।

# विलक्षण योग संपूर्ण मन की शक्तियों को जागृत करने का अद्भुत साधन

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से एक दिवसीय विलक्षण योग शिविर का आयोजन देहरादून आश्रम में आयोजित किया गया। आशुतोष महाराज के शिष्य, विलक्षण योग विशेषज्ञ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विलक्षण योग संपूर्ण शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सिद्ध करने की वैज्ञानिक पद्धति है। आधुनिक मेडिकल साइंस भी इस बात को मान चुकी है कि 80 प्रतिशत से अधिक बिमारियां मानसिक अस्वस्थता के कारण होती है। विलक्षण योग संपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य लाभ व मन की शक्तियों को जागृत करने का अद्भुत साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विभिन्न शारीरिक तंत्रों जैसे पाचन क्रिया तंत्र, स्नायु तंत्र, रक्त संचार तंत्र इत्यादि में विकारों के कारण रोग उत्पन्न होते हैं। विलक्षण योग इन तंत्र में विकारों को रोकने व सही करने में सभी अन्य चिकित्सकीय पद्धतियों से अधिक लाभदायक है। विशेषज्ञ ने महर्षि पतंजलि की ओर से दिया गया अष्टांग योग के बारे में बताते हुए यह समझाया कि कैसे अष्टांग योग की यात्रा एक व्यक्ति को स्थूल से सूक्ष्म जगत की ओर ले जाती है। उन्होंने अनेक प्रकार के योग आसन जैसे भुजंगासन, गोमुखासन, मंडूकासन, त्रिकोणासन, अनुलोम विलोम प्राणायाम, कपालभाती प्राणायाम, इत्यादि का अभ्यास करवाया। सभा में आए सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे 365 दिन योगासन करेंगे अंत में सभी ने मिलकर विश्व कल्याण के लिए शांति पाठ का उच्चारण किया। यह शिविर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वास्थ्य कार्यक्रम आरोग्य के तहत आयोजित किया गया।

# राजस्थान से पकड़े गए बाइक चोर

ऋषिकेश, स्टाफ रिपोर्टर। पुलिस ने दो बाइक चोरों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दोनों शातिर आरोपी पूर्णानंद पब्लिक स्कूल के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मुनिकी रेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि 17 मई को मुनिकी रेती थाना क्षेत्र के अटाली व्यासी निवासी सुनील सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि 13 मई की रात को उनकी मोटरसाइकिल पूर्णानंद पब्लिक स्कूल के पास से चोरी हो गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच में पाया कि दो युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हुए हैं। दोनों झज्जर हरियाणा के रहने वाले हैं। लेकिन चोरी के बाद राजस्थान में छिपे हुए हैं, मुनिकी रेती थाना प्रभारी ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की, जिसमें कैलाश गेट चौकी प्रभारी योगेश पाण्डेय के साथ तीन सिपाहियों को टीम को गिरफ्तारी के लिए भेजा। गिरफ्तारी के लिए गई टीम द्वारा दोनों चोरों को राजस्थान पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर मुनिकी रेती लाया गया। यहां से दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है। वहीं, पकड़े गए चोरों का नाम जयंत धनखड़ पुत्र सुरेंद्र (निवासी ग्राम डाबला थाना सदर झज्जर, जिला झज्जर, हरियाणा) और अमित सोनी पुत्र दिनेश (निवासी आर्य नगर, सवेरा स्कूल के निकट थाना सिटी झज्जर, जिला झज्जर, हरियाणा) हैं। जिन्हें कस्बा बहरोड़, जनपद भिवाड़ी राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दोनों के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद हुई है।

# शराब के साथ महिला गिरफ्तार

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। विकासनगर में पुलिस ने एक महिला को कच्ची शराब बनाते हुए पकड़ा है। पुलिस ने कच्ची शराब की भट्टी के साथ ही 10 लीटर शराब भी बरामद की है। थाना सहसपुर क्षेत्र के अंतर्गत धर्मा वाला चौकी पुलिस ने कच्ची शराब की भट्टी 10 लीटर कच्ची शराब के साथ कमलेश देवी पत्नी जय सिंह निवासी बद्रीपुर मेदिनीपुर को गिरफ्तार किया हैस आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# जमरानी परियोजना को कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का किया अनुरोध

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री ने जमरानी बाँध परियोजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने के लिए प्रस्तावित परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहत सिंचाई) के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ ही 300 मेगावाट की बावला नन्दप्रयाग जल विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की शीघ्र स्वीकृति प्रदान किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने किसाऊ परियोजना के एमओयू में कुछ प्रावधानों को शामिल करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की महत्वाकांक्षी जमरानी बांध बहुउददेशीय परियोजना के तहत जनपद नैनीताल में गौला नदी पर हल्द्वानी शहर से 10 कि०मी०



अपस्ट्रीम में नदी तल से 130.60 मी० ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध निर्मित किया जाना है। बाँध के निर्माण से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के 150027 हेक्टेयर कमाण्ड में 57065 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा तथा हल्द्वानी शहर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्र की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति हेतु 117 मिलियन लीटर प्रतिदिन जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनांक 10.06.2022 को सचिव जल शक्ति मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमरानी बांध परियोजना का निवेश स्वीकृति हेतु संस्तुति की गयी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जमरानी बांध परियोजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने के लिए प्रस्तावित परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहत सिंचाई) के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के उपक्रम यूजेवीएन लि की 300 मेगावाट की बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना हेतु भारत सरकार के केन्द्रीय जल आयोग एवं केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के विभिन्न निदेशालयों से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। इस परियोजना पर उच्चतम न्यायालय द्वारा कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया है तथा किसी भी अन्य संस्थान यथा राष्ट्रीय गंगा विकास प्राधिकरण, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति –2 इत्यादि द्वारा भी परियोजना पर कोई भी विपरीत टिप्पणी नहीं की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत मंत्रालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य अक्टूबर 2021 में बैठक हुई थी जिसमें गंगा एवं उसकी सहायक नदियों पर प्रस्तावित 10 जल विद्युत परियोजनाओं (बावला नन्द प्रयाग एवं अन्य 9 परियोजनाएं) जिन पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है उनको परियोजनावार आधार पर स्वीकृति प्राप्त किये जाने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूजेवीएन लि० को जनवरी, 2022 में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से सम्पर्क किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से बावला नन्द प्रयाग जल विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने किसाऊ परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए छः लाभार्थी राज्यों के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होना है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने हेतु अंतर्राज्यीय समझौते में कुछ बिन्दुओं का समावेश करते हुए उक्त समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का अनुरोध किया।

## औली को वर्ल्ड क्लास टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में किया जा रहा तैयारः सीएस



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ एस. एस. संधू ने औली पहुँचकर औली मास्टर प्लान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि औली को वर्ल्ड क्लास टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया जा रहा है जिसके लिए मास्टर प्लान लगभग अंतिम चरणों में है। मास्टर प्लान पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि यहां जमीन को लेकर कुछ समस्याएं हैं जिनका आईटीबीपी आर्मी तथा पर्यटन विभाग के साथ समाधान ढूंढने की बात हुई, जिससे प्रोजेक्ट का जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। साथ ही उन्होंने औली का स्थलीय तथा हवाई निरीक्षण किया।

## चारधाम यात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

देहरादून, नगर संवाददाता। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह में ना आएं और पंजीकरण करके ही अपनी यात्रा की शुरुआत करें। उन्होंने चारधाम यात्रा के दौरान बगैर पंजीकरण के यात्रा करने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों का पंजीकरण बहुत ही जरूरी है। श्री महाराज ने कहा कि पंजीकरण के द्वारा ही सरकार को यात्रियों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त हो पाती है।

# अपणी सरकार पोर्टल में आ रही समस्या की समीक्षा की

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नैनीताल। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के दिए गए निर्देशों के क्रम में सेवा के अधिकार अधिनियम 2011 के अंतर्गत आने वाली सभी सेवाओं की बेहतर सर्विस डिलीवरी हेतु एनआईसी कक्ष, नैनीताल में राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया। प्रशिक्षण में अपणी सरकार पोर्टल में आ रही समस्या के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी देहरादून से स्वप्निल, बिजनस एनालिस्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शिव चरण द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी (प्र.) द्वारा बताया गया कि वर्तमान में राजस्व विभाग कि कुल 9 सेवायें जैसे कि आय, जाति, स्थायी, पर्वतीय एवं पंचायती राज विभाग की कुल 12 सेवा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल जारी की जाती है। प्रमाण पत्र को निर्गत करने में आ रही तकनीकी समस्या



के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया की राजस्व, पंचायती राज व सेवायोजन व अन्य विभागों द्वारा वर्तमान में 32 सेवाएं अपणी सरकार पोर्टल के माध्यम से जारी की जा रही हैं एव भविष्य में लगभग 250 सेवाओं को अपणी सरकार पोर्टल के माध्यम से जोड़ा जाना है। प्रशिक्षण में अपणी सरकार पोर्टल पर अनुश्रवण के उपरांत संज्ञान में आया है कि जन सेवा केंद्र संचालकों द्वारा प्रमाण पत्र हेतु सही दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड नहीं किए जा रहे हैं, जिससे काफी संख्या में आवेदन अस्वीकृत हो रहे हैं जिससे आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिव चरण दिवेदी अपर जिलाधिकारी (प्र.) द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सीएससी संचालकों को निर्देशित करें कि अपने जन सेवा केन्द्रों के बाहर प्रमाण पत्रों से सम्बंधित सेवा शुल्क की सूची एवं प्रत्येक प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची चस्पा करें तथा दस्तावेजों को सही प्रकार से स्कैन कर अपलोड करें जिससे कि आम जन मानस को समस्या का सामना न करना पड़े।

# सीएसआईएसएसी अनुदान को 40 फीसद किए जाने का अनुरोध

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सीएसआईएसएसी (कम्पोनेंट–1) में अनुमन्य अनुदान को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा सहायतित एवं सहकारिता द्वारा अनुदानित के तहत राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित की जा रही है। राज्य में सहकारी क्षेत्र में गठित विभिन्न सहकारी संस्थाओं को व्यवसायिक रूप से शुद्ध इकाई बनाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को प्रदेश सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तुत की गयी है। इसमें संयुक्त सहकारी खेती व अन्य कृषि एवं सहवर्ती व्यवसायों को सामूहिक रूप से उत्पादन वृद्धि तथा उनका मूल्य संवर्द्धन कराते हुए किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की व्यवस्था की गयी। इसकी सैद्धान्तिक एवं वित्तीय स्वीकृति राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा प्रदान की थी। उक्त



स्वीकृत योजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियां होने के फलस्वरूप सहकारी समितियों को व्यावसायिक इकाई के रूप में स्थापित किया जाना अत्यन्त चुनौतीपूर्ण है तथा इसके लिए अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री से हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम में अनुमन्य अनुदान को 20 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत किये जाने का अनुरोध किया। जिससे कि राज्य की सहकारी संस्थायें ऋण धनराशि वहन करने में समर्थ हो सके।

# राजकीय महाविद्यालयों में रखे जायेंगे योग प्रशिक्षक

नगर संवाददाता

देहरादून। सूबे के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ–साथ स्वस्थ रहने के लिए योग का भी अभ्यास कराया जायेगा, जिसके लिये प्रत्येक विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षक तैनात किये जायेंगे। देहरादून में प्रस्तावित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु संशोधित डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की निगरानी एवं सुझाव हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी। उच्च शिक्षा विभाग में इसी शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय समिति द्वारा तैयार विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों के ढ़ांचे को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को शिक्षा के साथ–साथ योग प्रशिक्षण देने के लिये इसी सत्र से नियत वेतनमान पर एक–एक योग प्रशिक्षक तैनात करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार गेस्ट फैकल्टी की भांति संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दिया जायेगा। डा. रावत ने बताया कि देहरादून में स्वीकृत राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निर्माण का कार्य इसी वर्ष शुरू कर दिया जायेगा, इसके लिये उन्होंने संशोधित डीपीआर तैयार कर शीघ्र शासन को प्रेषित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। सूबे के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की तैयारियों की निगरानी एवं सुझाव हेतु विभागीय सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डा. रावत ने कहा कि नैक एक्रिडिएशन मिलने के उपरांत राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को यूजीसी द्वारा अतिरिक्त अनुदान मिल सकेगा, जिसके लिये सरकार हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में इसी शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय समिति द्वारा तैयार विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों के ढ़ांचे को शीघ्र अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जायेगा, इससे पूर्व निजी विश्वविद्यालयों के संचालकों एवं कुलपतियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया जायेगा ताकि नये पाठ्यक्रम लागू करने में उनके सुझावों को भी शामिल किया जा सके। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली, सलाहकार रूसा प्रो. एमएसएम रावत, प्रो. केडी पुरोहित, अपर सचिव एमएम सेमवाल, संयुक्त निदेशक डा. एएस उनियाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की संशोधित डीपीआर तैयार करने के निर्देश, राजकीय महाविद्यालयों के नैक एक्रिडिएशन को गठित होगी उच्च स्तरीय समिति, राज्य में एनईपी के तहत नये पाठ्यक्रमों को शीघ्र मिलेगी स्वीकृति।**

# अधूरी जानकारी दिए जाने पर भड़के जिलाधिकारी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नई टिहरी। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल इवा आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला सभागार टिहरी गढ़वाल में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिला बाल श्रम टास्क फोर्स द्वारा चारधाम यात्रा के दौरान चलाये गये अभियानों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गत वित्तीय तीन वर्षों में बाल एवं किशोर श्रम के अन्तर्गत चिन्हित किये गये बच्चों के संबंध में जानकारी ली तथा शिक्षा विभाग के पास आधी–अधूरी जानकारी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त ऋषिकेश को निर्देशित किया कि बाल एवं किशोर श्रम के अन्तर्गत चिन्हित किये गये बच्चों की सूची शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराकर हर 15 दिन में कृत कार्यवाही की रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। साथ ही हर तीन माह में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करवाना भी सुनिश्चित करें। मुख्य शिक्षा अधिकारी टिहरी गढ़वाल के बैठक में उपस्थित न होने पर एवं उदासीनता बरतने के कारण स्पष्टीकरण तलब किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को चाइल्ड लेबर फ्री करने हेतु तथा बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतन करने की आवश्यकता है, इसके लिए सभी संबंधित विभाग बच्चों से कोर्डिनेट कर आपसी समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित थानों के सहायक निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि चाइल्ड लेबर एवं भिक्षावृत्ति के लिए संवेदनशील स्थान यथा शिवपुरी, मुनीकीरेती, ढालवाला, शीशम झाड़ी, तपोवन, धनोल्टी आदि स्थानों में नियमित रूप से कार्यवाही कर चिन्हित बच्चों का शैक्षणिक पुनर्वास व उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही इन स्थानों पर ऐसे संदिग्ध महिलाएं जो नवजात शिशुध्छोटे बच्चों को गोद में लेकर भिक्षावृत्ति कर रही हो, ऐसे संदिग्ध मामलों की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एनएच 94 चम्बा–नागणी मोटर मार्ग पर भी चेकिंग करने के निर्देश दिये गये। सहायक श्रम आयुक्त ऋषिकेश के. के. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019–20 से अब तक 647 सर्वेक्षणध्निरीक्षण कर 24 बालध्किशोर श्रमिक चिन्हित किये गये, जिनमें 9 बाल श्रमिक एवं 15 किशोर श्रमिक शामिल हैं।



## संपादकीय.............

# राज्य के 350 किसानों से सुझाव

सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा सर्किट हाउस स्थित उद्यान निदेशालय से वर्चुअल माध्यम से राज्य के सभी 95 विकास खण्डों के किसान प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर कृषि विभाग के वीजन डाक्युमेंट के लिए उनके सुझाव मांगे। कृषि एवं बागवानी राज्य के विकास और खुशहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राज्य के युवाओं को लाभकारी कृषि एवं बागवानी से जोड़ कर पलायन की समस्या को संबोधित किया जा सकता है। यह कहना है राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी का। अपने इसी कथन को साकार रूप देने के लिए वह कृषि विभाग का वीजन डाक्युमेंट बनाने में जुटे हैं। इस वीजन डाक्युमेंट को राज्य के किसानों की आवश्यकताओं तथा वास्तविकता के अनुकूल बनाने के लिए देहरादून में बैठे अधिकारियों पर निर्भर रहने के बजाए कृषि मंत्री फील्ड में काम कर रहे जिलास्तरीय अधिकारियों तथा किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। 23 जून को उन्होंने जिलों के सीएचओ, डीएचओ तथा सीएओ की समीक्षा बैठक आहुत की। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राज्य के सभी 13 जनपदों के सभी 95 ब्लॉक के लगभग साढ़े तीन सौ से अधिक किसानों से सीधा संवाद कर रायसुमारी की। कृषि मंत्री ने कहा कि इस संवाद कार्यक्रम के प्रति किसनों का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया है। मेरा पहले दिन से ही यह प्रयास रहा है कि विभाग की योजनाएं राज्य के किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनें। हमारा विभाग और सभी कार्मिक राज्य के किसानों के लिए ज्यादा जवादेही से काम करें। इसलिए आगामी पांच साल की कार्ययोजना को यर्थाथ के करीब रखने के लिए मैं स्वयं फिल्ड के अधिकारियों तथा सीधे किसानों से रायशुमारी कर रहा हूं। किसानों द्वारा बहुत ही शानदार सुझाव दिए गऐ हैं। उन्होंने कहा कि हम फसल की तैयारी के समय के इनपुट मैनेजमेंट, सिंचाई मैनेजमेंट से लेकर पोस्ट हारवेस्ट क्रॉप मैनेजमेंट तथा किसानों के उत्पादों को सही दाम दिलवाए जाने हेतु मार्केटिंग मैनेजमेंट तथा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से विश्वस्तरीय फसल उत्पादों के निर्यात की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर काम कर रहे हैं।

# विद्यामंदिर क्लासेज का महारिकॉर्ड, लगातार 102 घंटे तक कोचिंग देकर रचा इतिहास

नगर संवाददाता

VMC Vidyamandir Classes SINCE 1986
IIT JEE | MEDICAL | FOUNDATION

देहरादून। जेईई और नीट समेत तमाम अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले देश के प्रतिष्ठित कोचिंग इंस्टीट्यूट विद्यामंदिर क्लासेज ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। इंस्टीट्यूट ने लगातार 102.5 घंटे की ग्रैंड मैराथन कोचिंग क्लास लेकर ये रिकॉर्ड बनाया है। इतनी लंबी क्लास लेने वाला वीएमसी देश का पहला इंस्टीट्यूट बन गया है। इस शानदार उपलब्धि को अपने नाम करने में विद्यामंदिर क्लासेज के संस्थापक, सभी एचओडी और फैकल्टी का योगदान रहा है. सभी ने मिलकर बच्चों को लगातार कोचिंग दी. वीएमसी की इस अनोखी कोचिंग को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर क़ाफी अच्छा रेस्पॉन्स मिला. यूट्यूब पर इन क्लासेज को 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिले तो टेलीग्राम पर 1 लाख से ज्यादा नोट्स डाउनलोड किए गए।

इन मैराथन क्लासेज के कारण वीएमसी को यूट्यूब और टेलीग्राम पर अलग–अलग 2 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर्स भी मिले हैं। ऑफलाइन हो या ऑनलाइन, इस पहल ने वीएमसी की ब्रैंड वैल्यू को और मजबूती दी है। विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर सौरभ कुमार ने कहा, मैं दिल की गहराइयों से टीम के उन तमाम लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने खूब मेहनत करके इस ग्रैंड इवेंट को कामयाब बनाने में योगदान दिया है। मैं वीएमसी के सभी फाउंडर्स के साथ उन टीचर्स का भी दिल से शुक्रिया करना चाहता हूं जिन्होंने शेड्यूल के हिसाब से अपने–अपने लेक्चर्स को पूरा किया। छात्रों और उनके करियर के प्रति संस्थान के समपर्ण का ये एक और कदम है। एजुकेशन के क्षेत्र में अपने 35 वर्ष की विरासत को आगे बढ़ा रहे विद्यामंदिर क्लासेज ने हमेशा छात्रों को कामयाब बनाने के लिए कुछ न कुछ नया किया है। वीएमसी ने जो ये कारनामा किया है, वो भारत के कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के इतिहास में कभी कोई नहीं कर पाया. 100 से ज्यादा घंटे तक नॉन स्टॉप 36 फैकल्टीज ने क्लास ली है. 12–12 टीचर्स की तीन अलग टीमों ने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स की क्लास ली और जेईई मेन का पूरा सिलेबस रिवाइज कराया। छात्रों के लिए अपनी इस खास पहल के बारे विद्यामंदिर क्लासेज के को–फाउंडर बृज मोहन ने कहा कि एग्जाम की तैयारी के अलग–अलग स्टेज के हिसाब से छात्रों की जरूरत को समझना और फिर उसी के मुताबिक कोचिंग देना ही वीएमसी की मजबूती है. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लेवल की परीक्षाओं में हमारे इंस्टीट्यूट के छात्रों की कामयाबी के पीछे भी यही राज है. जेईई और नीट जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को वीएमसी में कम से कम 10 साल के एक्सपीरियंस वाले टीचर्स पढ़ाते हैं. हमें इस बात का गर्व है कि हमने सफलतापूर्वक मैराथन रिवीजन क्लासेज लेने का रिकॉर्ड बनाया है।

# मोबिल सुपर रेंज को नई और बेहतर पैकेजिंग में किया लॉन्च

नगर संवाददाता

देहरादून। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्रा. लि. ने अपने नेक्स्ट्रा –जनरेशन पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट्स 'मोबिल सुपर' को एकदम नए लेबल्स के साथ नई और बेहतर पैकेजिंग में लॉन्च किया है। इन नई एवं बेहतर पैकेजिंग में बॉटल्स पर नया क्यूआर–कोड–बेस्ड एंटी–काउंटर फिट फीचर दिया गया है, ताकि उपभोक्ता उत्पादों की प्रामाणिकता का सत्यापन कर सकें और नकली उत्पादों से बच सकें। नई पैकेजिंग के लॉन्च के साथ, एक्सॉनमोबिल ने अपनी मोबिल सुपर 3000 सीरीज का नाम बदलकर मोबिल सुपर ऑल–इन–वन प्रोटेक्शन सीरीज, मोबिल सुपर 1000 सीरीज का नाम मोबिल सुपर फ्रिक्शन फाइटर सीरीज और मोबिल सुपर एचपी का नाम मोबिल सुपर एवरीडे प्रोटेक्शन कर दिया है। यह नेक्स्ट जनरेशन सिंथेटिक पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट उन्नत टेक्नोलॉजी की पेशकश करता है, जो बीएस–6 के नये मानकों के अनुरूप है और मोबिल सुपर ऑल–इन–वन प्रोटेक्शन सीरीज के साथ ईंधन की बचत के फायदे देता है। इसके अलावा, इंजन वियर के लिये मोबिल सुपर फ्रिक्शन फाइटर सीरीज बेहतर सुरक्षा और स्वच्छता देती है। एक्सॉनमोबिल इस बदलाव का संदेश देने के लिये अपने ब्राण्ड एम्बेसेडर और टोक्यो ओलम्पिक्स में स्वर्ण पदक विजेता, पद्मश्री नीरज चोपड़ा को लेकर आ रही है। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्रा. लि. के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि टेक्नोलॉजी में अग्रणी होने के नाते एक्सॉनमोबिल हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और उनके जीवन में सकारात्मनक बदलाव लाने के नये तरीके खोजती है। हमारा ब्राण्ड कैम्पेन 'फरक लाकर देखिये' भी इसी विचार के अनुरूप है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, हमारे प्रोडक्ट फार्मूलेशंस प्रमाणित टेक्नोलॉजी पर आधारित होते हैं और उन्हें ड्राइविंग की विभिन्न् शैलियों और स्थितियों के लिये उपयुक्त बनाया जाता है। नया एर्गोनॉमिक पैक डिजाइन हमारे उत्पादों को अच्छी् तरह रखने में उपभोक्ताओं की सहायता करेगा।

# आईसीआईसीआई अकादमी फॉर स्किल्स ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



नगर संवाददाता

देहरादून। 24 जून को आईसीआईसीआई अकादमी फॉर स्किल्स ने आईसीआईसीआई बैंक, एनसीआर प्लाजा, हाथीबड़कला शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जहाँ आईसीआईसीआई अकादमी के छात्र, शिक्षक, और आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारियों ने स्वैच्छा से रक्तदान किया।

आईसीआईसीआई अकादमी देहरादून के प्रमुख अमित सिन्हा ने जानकारी दी कि आईसीआईसीआई फाउंडेशन वंचित और जरूरतमंद को मुख्या धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके लिए हर संभव कार्य किये जा रहे हैं। आईसीआईसीआई अकादमी जरूरतमंद युवाओं को हुनर की ट्रेनिंग तो देती ही है साथ साथ उनकी आजीविका के लिए भी उनको मदद करती है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से समय समय पर बिभिन्न प्रकार की सामाजिक कार्य हमेशा ही की जाती है।

चिकित्सकों के अनुसार हमें हर 3 से 4 महीने पर रक्तदान करना चहिए इस से हम दूसरे को तो मदद करते ही है साथ साथ अपने शरीर पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिविर से कुल 50 यूनिट ब्लड का रक्तदान किया गया। अमित सिन्हा (प्रमुख, आईसीआईसीआई अकादमी देहरादून) और शिक्षकगण अमित डंगवाल, राजन सेमवाल, सुनील कुमार, बिशन रावत ने रक्तदान करके छात्रों का मनोबल बढ़ाया। आईसीआईसीआई बैंक से अशोक मिगलानी (रिजनल हेड देहरादून), यश महरी (मानव संसाधन प्रबंधक), प्रदीप भट्ट, रिजनल हेड (बिजनेस लोन ग्रुप) ने रक्तदान करके कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया।

# चाय बगान के समीपस्थ भूमि को ईको पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

चंपावत। कुँमाऊँ भ्रमण के दौरान सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने चंपावत चाय बागान, एबट माउंट हैरिटेज साइट, पंचेश्वर एंगलिंग साइट और अद्वैत आश्रम मायावती का भ्रमण निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही स्थानीय हितधारकों से भी बातचीत की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चंपावत व एबट माउन्ट में हैलीपोर्ट के निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए है।



एबट माउन्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर स्थित चर्च का भ्रमण किया और इसके पुनरूद्धार के संबंध में जनपदीय कार्यालय के स्तर से प्रस्तावित प्रोजक्ट पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की। इसके पश्चात उनके द्वारा एबट माउन्ट स्थित पर्यटन विभाग की भूमि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर समस्त भू–अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर लिया जाये। उन्होंने भूमि के चारों ओर चाहरदीवारी के निर्माण हेतु निर्देश दिये ताकि किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की संभावना को निरस्त किया जा सके। उन्होंने इस स्थान को 'बर्ड वॉचिंग ट्रेल' के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पंचेश्वर स्थित प्रस्तावित एंगलिंग साइट का निरीक्षण किया। जहां पर स्थानीय समुदाय के लोगों ने भी अपने सुझावों के साथ सचिव पर्यटन से चर्चा की। सचिव पर्यटन ने कहा कि पंचेश्वर एंगलिंग के लिए एक आदर्श स्थान और यही कारण है कि विश्व भर के एंगलिंग प्रेमी यहां आना चाहते है। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को एंगलिंग बीट हेतु आवश्यक सुविधायें विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यहां पर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजन कराया जायेगा। इससे पूर्व उनके द्वारा 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन योजना के अन्तर्गत चाय बागान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि चाय स्वरोजगार की एक नई पहल है। पर्यटन विभाग द्वारा चंपावत चाय फैक्ट्री से चाय क्रय करते हुए सोविनियर के रूप में गणमान्य लोगों को भेंट की जायेगी ताकि इसे ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने चाय बगान के समीपस्थ भूमि को ईको पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय हितधारकों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत हिंगला देवी से चंपावत चाय बगान के मध्य रोपवे निर्माण हेतु शीघ्र कार्यवाही आरम्भ की जायेगी। भ्रमण के दौरान सचिव पर्यटन द्वारा लोहाघाट स्थित ग्रोथ सेन्टर का भी निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य है कि उद्योग विभाग के माध्यम से संचालित इस ग्रोथ सेन्टर में लोहे के बर्तन एवं उपकरण आदि का निर्माण किया जाता है। इसके पश्चात उन्होंने देवीधूरा स्थित वाराही मंदिर में स्वदेश योजना के अन्तर्गत हैरीटेज सर्किट के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान भिन्न–भिन्न अवसरों पर जिलाधिकारी नरेन्द्र भण्डारी, एसडीएम सदर, अनिल चन्याल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविन्द गौड़, एसडीएम लोहाघाट रिंकू बिष्ट, कुँमाऊँ मण्डल विकास निगम के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## इकोनोमी में संतुलन पर फोकस किया जा रहा



देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य के विकास के इकोलोजी और इकोनोमी में संतुलन पर फोकस किया जा रहा है। वनाग्नि को रोकने के लिए प्रभावी योजना पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने समस्त राष्ट्रीय पार्कों व वन्य जीव विहारों की परिधि से एक किमी0 की दूरी में स्थित क्षेत्र को ईको–सेंसेटिव जोन घोषित किये जाने संबंधी न्यायालय के आदेश 3 जून 2022 से उत्तराखण्ड जैसे वन बाहुल्य प्रदेशों को यथावश्यक छूट प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से रिव्यू पिटीशन दायर करने का अनुरोध किया।

## मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

नई टिहरी, नगर संवाददाता। राज्य सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर 30 जून को राज्य एवं जनपद मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इस मौके पर जनपद मुख्यालय पर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अन्तर्गत पूर्ण हो चुके आवासों के 100 लाभार्थियों को चाबी शुभकामना पत्र एवं बर्तन खरीद हेतु मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में चेक वितरण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाना है।

## शराब की ओवररेटिंग पकड़े जाने पर 1 लाख का होगा जुर्माना



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायतों पर अभियान चलाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी को शिकायत प्राप्त हुई की ठेकेदार द्वारा सेल्समेन को वेतन न दिए जाने के कारण सेल्समेन के द्वारा ओवर रेटिंग की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को जनपद अवस्थिति शराब की दुकानों के अनुज्ञापियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान ने अपने कार्यालय कक्ष में नगर के सभी अनुज्ञापियों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जारी "यहां ओवर रेटिंग" नहीं होती है के फ्लैक्स को अपने–अपने दुकानों में अनिवार्य रूप से सुस्पष्ट तरीके से चस्पा करने के निर्देश दिए। बैनार चस्पा न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध 1 लाख का अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी। दुकानों पर ओवर रेटिंग ना की जाए इसके लिए अपने सेल्समैन को समझाए तथा दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन को समय पर वेतन देने को कहा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शराब की किसी भी दुकान पर मुद्रित मूल्य से अधिक पर शराब विक्रय न की जाए। यदि किसी दुकान पर ओवर रेटिंग पाई जाती है तथा बैनर पोस्टर चस्पा नही पाए जाने पर 1 लाख का अर्थदंड वसूला जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों को चेतावनी दी कि अपने यहां कार्यरत सभी कार्मिकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करेंगे की मुद्रित मूल्य से अधिक पर शराब बीयर की बिक्री ना करें। साथ ही कहा कि विभाग द्वारा निरंतर रूप से छापेमारी अभियान जारी है। बैठक में शराब अनुज्ञापी भुवन चंद जोशी, प्रवीण मल्होत्रा, करीमन कुमार, आनंद आदि उपस्थित रहे।






livecrimepatrol@gmail.com

क्राइम पेट्रोल

शनिवार 25 जून 2022, देहरादून।




# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय: कौशिक

प्रवेश राणा

देहरादून। स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला धब्बा है, जब ना सिर्फ विपक्षी नेताओं को जेलों में ठूंस दिया गया था बल्कि प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कारगीचौक स्थित एक वेडिंग प्वाइंट पर आपातकाल दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश में एक सत्ताभोगी जमात पैदा की, जब जब इस के हितों के विरुद्ध कोई खड़ा हुआ तो उसकी आवाज दबाने का काम कांग्रेस ने किया 25 जून 1975 को देश पर थोपा गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है क्या विपक्षी दल, क्या प्रेस, क्या न्यायपालिका सभी का गला घोटने का काम इस आपातकाल के दौरान हुआ। नागरिकों के अधिकार समाप्त कर दिए गए। पर स्वर्गीय जननायक जय प्रकाश नारायण एवं अटल बिहारी वाजपेई जैसे नेताओं के नेतृत्व में जनता ने इसका प्रतिकार किया और 1977 में तानाशाही शासन को उखाड़ फेंका।





इसके लिए जेलों में बंद तत्कालीन जनसंघ के अटल बिहारी बाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों से क्रांति गीत और लेख लिखे और किसी न किसी माध्यम से उन्हें बाहर भिजवाया ताकि बाहर रहे कार्यकर्ता उनकी प्रतिलिपि बनाकर देशभर में आपातकाल के विरुद्ध आंदोलन खड़ा कर सकें। आपातकाल में यात्रा का वह दौर हो या 1947 से लेकर 2014 तक जब भी भारत का लोकतंत्र खतरे में दिखा तो पहले जनसंघ तक तथा बाद में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सदैव उसके खिलाफ संघर्ष किया। कांग्रेस की मानसिकता आज भी वही तानाशाही व परिवारवादी है यही कारण है कि जनता ने उसे नकार दिया है। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने अपने संबोधन में कहा की कॉन्ग्रेस की जन विरोधी एवं दमनकारी नीतियों के कारण वह राजनीतिक दल के रूप में समाप्त होती चली गई और केवल सत्ता चलाने वालों का समूह बन कर रह गई। यही कारण है कि जनता ने अब उसे अस्वीकार कर दिया है और जनहित में कठोर निर्णय लेने वाली भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में आपातकाल के समय से भाजपा कार्यकर्ता महेश्वर बहुगुणा एवं गिरीश इस्टवाल को अध्यक्ष मदन कौशिक ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष आनंद सागर , महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल , सोशल मीडिया प्रभारी भुवनेश कुकरेती,मंडल अध्यक्ष संदीप मुखर्जी ,विजय भट्ट, धर्मपाल रावत, मंजू कोटनाला, कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष बीना नौटियाल,पार्षद सतीश कश्यप, दिनेश सती, आलोक कुमार, राजपाल पयाल, महिपाल धीमान, दर्शन लाल बिंजोला, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्रीअनुराधा वालिया, पूर्व पार्षद गोविंद मोहन,शुभम तिवारी, शशि जोशी, भरत सिंह नेगी,वैजयंती माला,प्रियंका गुसाईं, ममता बडौला, लक्ष्मी पवार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की।

## सरकारी वाहनों का दुरुपयोग बंद करें अफसर

नगर संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर कहा कि शासन को आवंटित राज्य संपत्ति विभाग की ओर से वाहनों का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आया है कि कुछ अफसर सरकारी वाहनों में अपने कुत्ते इत्यादि को घुमा रहे हैं और साथ ही इन वाहनों का उपयोग अफसरों के घर लाई जा रही सब्जी के लिए भी किया जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा पूर्व में भी सरकारी वाहनों में अफसरों के बच्चों को सुबह स्कूल छोड़ने एवं छुट्टी होने पर घर छोड़ने की बात भी जगजाहिर है। उन्होंने आगे कहा उत्तराखंड के अधिकारी अफसर मदमस्त हो गए हैं, क्योंकि राज्य सरकार का नेतृत्व बहुत कमजोर है। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ गाडियां ही नहीं इन अफसरों द्वारा निचले कर्मचारियों का कई प्रकार से मानसिक उत्पीड़न किया जाता है। उन कर्मचारियों से घर के काम भी करवाए जाते हैं जो सरासर गलत है। कहा कि सरकार को ज्यादा अनुभव नहीं है, इसलिए नौकरशाह सिर पर चढ़ गए हैं। उन्होंने कहा यह उत्तराखंड की जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई के पैसे का दुरुपयोग है। जहां एक ओर प्रदेश कर्ज के तले दब रहा है, वहीं दूसरी ओर अफसर मौज उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड की प्रगति के लिए यह अच्छे संकेत नहीं हैं। सरकारी ईंधन एवं सरकारी चालक का दुरुपयोग बंद होना चाहिए और ऐसे बेलगाम अधिकारियों पर लगाम कसी जानी चाहिए जो सरकारी वाहनों को निजी मानते हुए उनके दुरुपयोग के साथ ही कर्मचारियों का शोषण करते हैं।

## पारदर्शिता से होंगी नियुक्तियां

देहरादून, पवन कश्यप। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नियुक्तियों में क्षमता और पारदर्शिता की बात कही है। राज्य के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विभाग में होने वाले तबादलों को लेकर स्पष्ट किया है कि इस बार तबादलों में उन्हीं व्यक्तियों को नई तैनाती दी जाएगी जिनमें क्षमता होगी और कार्यों को करने के लिए उनका पिछला रिकॉर्ड साफ होगा। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी का रिकॉर्ड खराब है उसके ऊपर कोई मामला दर्ज है तो फिर ऐसे अधिकारी को नई तैनाती देने से गुरेज किया जाएगा। आपको बता दें कि वन विभाग में जल्द ही अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले होने हैं जिसको लेकर विभाग अपनी कसरत कर रहा है।

# पुलिस आधुनिकीकरण के लिए बनेगी ठोस योजना



नरेंद्र क्षेत्री

देहरादून। राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान साइबर अपराध व पुलिस ट्रेनिंग के मार्डनाइजेशन पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी।

राज्यपाल ने कहा कि नरेन्द्र नगर स्थित ट्रेनिंग सेन्टर को श्रेष्ठ ट्रेनिंग सेन्टर के रूप में स्थापित कर उच्च गुणवत्तापूर्वक प्रशिक्षण पर कार्य किया जाय। उन्होने कहा कि ट्रेनिंग जितनी उच्च कोटी की होगी उतने ही बेहतर परिणाम होंगे। राज्यपाल ने आधुनिक पुलिसिंग और पुलिस चुनौतियों को मध्यनजर रखते हुए ठोस योजना और व्यापक रोड मैप तैयार करने को कहा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी उत्तराखण्ड की होगी। इसके लिए राज्य की परिस्थितियों के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों को अद्यतन एवं विविध प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर देना होगा। उन्होने अधिकारियों से पुलिस फोर्स के मार्डनाइजेशन एवं नवीन तकनीकों को अपनाते हुए भविष्य के लिए ठोस योजना तैयार करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियो को आधुनिकतम तकनीक एवं संसाधनों की सहायता से प्रशिक्षित कर दक्ष, व्यावसायिक एवं संवेदनशील बनाना होगा। पुलिस को साइबर अपराधों को रोकने के लिए हर सम्भव कदम उठाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस को डिजिटल तकनीकों तथा आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स के क्षेत्र में भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। बैठक में पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।